**पूर्णिया जिलान्तर्गत राज्य अवस्थित पूर्णिया (सिविल) हवाई अड्डा के चहारदिवारी के निर्माण कार्य के लिए दिनांक: 28.12.2017 को प्राप्त ई0-निविदा को रद्द करने हेतु दिनांक: 03.05.2018 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की आहूत बैठक की कार्यवाही:-**

---

**उपस्थिति:**

1. **श्री राम सागर प्रसाद,** मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। अध्यक्ष
2. **श्री तपेश्वर प्रसाद साह,** महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। सदस्य
3. **श्री रंजित प्रसाद सिंह,** महाप्रबंधक (उत्तर), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। सदस्य
4. **श्री शिवानंद,** उप महाप्रबंधक, पी0 आई0 यू0, पूर्णिया। सदस्य

**कार्यवाही:-**

पूर्णिया जिलान्तर्गत राज्य अवस्थित पूर्णिया (सिविल) हवाई अड्डा के चहारदिवारी के निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डर के माध्यम से ई0-निविदा प्राप्त की गयी थी, जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र ''हिन्दुस्तान" में दिनांक 11.12.2017 को पटना संस्करण में हुई थी, जिसका पी0आर0 सं0-10485(नि0नि0) 2017-18 है।.

इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि कुल ₹3,14,85,000.00 मात्र एवं प्रावैधिक स्वीकृति की राशि कुल ₹3,53,12,200.00 मात्र है तथा अनुमोदित परिमाण-विपत्र की राशि ₹3,30,02,096.00 मात्र है।

दिनांक: 07.04.2018 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति में उक्त निविदा में भाग लेने वाले आठ निविदादाताओं में से पाँच निविदादाताओं (i) श्री कुंदन कुमार, रामदयालु नगर, काजीमुहम्मदपुर, मुजफ्फरपुर, (ii) मे0 आशा कंस्ट्रक्शन, प्रो0-श्री चंदन कुमार मिश्रा, वार्ड नं0-49, बेला छपरा, शेरपुर, मुजफ्फरपुर, (iii) श्री उमाकांत सिंह, ऑफिसर्स कॉलोनी, मिर्चाबाड़ी, कटिहार, (iv) मे0 त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन, प्रो0- बंटी कुमार सिंह, के0जी0 रोड, नवादा, जिला-भोजपुर एवं (v) श्री धीरेन्द्र कुमार ठाकुर, चाणक्यापुरी, वार्ड नं0-08, बसंतपुर, बीरपुर (सुपौल) को तकनीकी बीड में सफल घोषित किया गया था एवं शेष तीन निविदादाताओं (vi) श्री मनोज कुमार सिंह, शिवपूरी, भट्टा बाजार, पूर्णिया को Pile कार्य के लिए निर्धारित मात्रा का प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं करने के कारण एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5 (A)(c) के तहत इन्हें तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया था। (vii) श्री बब्लू कुमार भगत, ए0डी0बी0 चौक, वार्ड नं0-11, पो0-अररिया, जिला-अररिया के अभियंता प्रमुख, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक-13/अभियंता प्रमुख (नि0)-03-डिवार/कालीकृत-01/2018-1551 (भ0) पटना, दिनांक: 19.02.2018 द्वारा अगले एक साल के लिए किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित किये जाने के कारण इन्हें तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया था एवं (viii) मे0 प्रत्यक्षा कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, पानापुर, आर0एन0 कॉलेज रोड, महनार, हाजीपुर, जिला-वैशाली के उप महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, दरभंगा बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 के पत्रांक-94, दिनांक: 27.02.2018 द्वारा डिबार किये जाने के कारण इन्हें तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया था।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णयानुसार उक्त कार्यवाही को दिनांक: 17.04.2018 को 1:00 बजे अपराह्न तक परिवाद प्राप्त करने हेतु निगम के बेवसाईट पर रखा गया था। उक्त अवधि में दो संवेदकों श्री बब्लू कुमार भगत, ए0डी0बी0 चौक, वार्ड नं0-11, पो0-अररिया, जिला-अररिया एवं मे0 प्रत्यक्षा कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, पानापुर, आर0एन0 कॉलेज रोड, महनार, हाजीपुर, जिला-वैशाली से प्राप्त परिवाद पर निर्णय हेतु दिनांक: 21.04.2018 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में इनके परिवाद को अमान्य करते हुए पाँचों निविदादाताओं (i) श्री कुंदन कुमार, रामदयालु नगर, काजीमुहम्मदपुर, मुजफ्फरपुर, (ii) मे0 आशा कंस्ट्रक्शन, प्रो0-श्री चंदन कुमार मिश्रा, वार्ड नं0-49, बेला छपरा, शेरपुर, मुजफ्फरपुर, (iii) श्री उमाकांत सिंह, ऑफिसर्स कॉलोनी, मिर्चाबाड़ी, कटिहार, (iv) मे0 त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन, प्रो0- बंटी कुमार सिंह, के0जी0 रोड, नवादा, जिला-भोजपुर एवं (v) श्री धीरेन्द्र कुमार ठाकुर, चाणक्यापुरी, वार्ड नं0-08, बसंतपुर, बीरपुर (सुपौल) का वित्तीय बीड खोलने का निर्णय लिया गया था।

चूँकि निविदा जमा (अपलोड) करने की अंतिम तिथि दिनांक: 28.12.2017 तक थी एवं SBD के तहत आमंत्रित ई0-निविदा की वैद्यता 120 दिन होती है। अतः उक्त निविदा का निष्पादन दिनांक: 27.04.2018 तक हो जाना चाहिए था लेकिन उप महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, पूर्णिया के पद पर श्री रामचन्द्र मंडल एवं कुछ अंतराल के बाद श्री शिवानंद का पदस्थापन होने के कारण इनका Digital Signature certificate (PKI) ससमय नहीं बनने के कारण निविदा का निष्पादन 120 दिनों में नहीं हो सका। इसके अतिरिक्त प्रशासनिक स्वीकृति की राशि में बढ़ोत्तरी के फलस्वरूप प्रशासी विभाग से वांछित अनुमोदन प्राप्त होना है।

अतएव, सम्यक् विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से इस ई0-निविदा का निष्पादन निविदा वैद्यता की तिथि यानी दिनांक: 27.04.2018 तक नहीं होने के कारण उक्त ई0-निविदा को रद्द करने तथा प्रशासी विभाग से अनुमोदन प्राप्त होने के उपरांत पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर सूचनार्थ डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3-5-18 | 3-5-18 | Tapeshwar 03.05.18 | |
| (शिवानंद) | (रंजित प्र0 सिंह) | (तपेश्वर प्र0 साह) | (राम सागर प्रमोद) |
| उप महाप्रबंधक, | महाप्रबंधक (उत्तर), | महाप्रबंधक (वित्त), | मुख्य महाप्रबंधक |
| पी0आई0यू0, पूर्णिया | बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना। | बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना। | बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना। |